दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

## मुख्य समाचार

**नमस्कार– आकाशवाणी श्री विजयपुरम से प्रस्तुत है प्रादेशिक समाचार**
*(संकेत ध्वनि)*

**मुख्य समाचार**

1. दक्षिण अंडमान में प्रमुख सरकारी योजनाओं की तिमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न।
2. कला और संस्कृति विभाग आज लोक नृत्यों और लोकगीतों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करेगा।
3. 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया ।

और

4. नशा मुक्त भारत अभियान की पहली राज्य स्तरीय समिति की बैठक में नई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

*(संकेत ध्वनि)*

सुबह के समाचारों के साथ मैं **''पूजा सिंह''**

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर –**

1. दक्षिण अंडमान में प्रमुख सरकारी योजनाओं की तिमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न।
2. कला और संस्कृति विभाग आज लोक नृत्यों और लोकगीतों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करेगा।
3. 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया ।

और

4. नशा मुक्त भारत अभियान की पहली राज्य स्तरीय समिति की बैठक में नई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

*(संकेत ध्वनि)*

**इसके साथ ही प्रादेशिक समाचार का ये बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।**

## ब्रेक

**प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी श्री विजयपुरम से सुन रहे हैं ।**

**समाचारों में आगे प्रमुख हैं।**

- 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ।

  और

- राज्य स्तरीय समिति की बैठक ।

## गांग

आकाशवाणी श्री विजयपुरम से प्रसारित होने वाला यह प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आप मीडियम वेव के साथ–साथ एफ.एम hundred point nine मेगा हर्टज़ पर भी सुन रहे हैं। यह समाचार मोबाइल फोन और वाहनों के एफ. एम. रेडियों पर भी उपलब्ध है।

## गांग

**प्रादेशिक समाचार में आपका फिर स्वागत है।**

पूजा / सुनीता
डाक विभाग

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

डाक विभाग ने कल भारत में डिजिपिन के कार्यान्वयन और विकास को समर्थन देने के लिए एक निजी भूस्थानिक सॉफ्टवेयर कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में डाक विभाग सॉफ्टवेयर कंपनी के मानचित्रण प्लेटफॉर्म और उत्पादों का उपयोग करेगा। इसके अलावा कंपनी बेहतर उपयोगकर्ता दृश्यता के लिए नो योर डिजिपिन एप्लिकेशन में एकीकरण के लिए आधार मानचित्र प्रदान करेगी । कंपनी भूस्थानिक स्थान पर आधारित डिजिपिन के सटीक उत्पत्ति की सुविधा भी प्रदान करेगी।

06 / रेडियो

पूजा/सुनीता
उपायुक्त दौरा

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने हाल ही में पशुपालन एवं पशुचिकित्सा विभाग द्वारा प्रबंधित डेयरी–सह–चारा इकाई का दौरा किया। दौरे के दौरान क्षेत्र में सतत कृषि पद्धतियों और सामुदायिक विकास पहलों पर प्रकाश डाला गया। निरीक्षण के दौरान, जिला उपायुक्त ने इकाई की स्थापना, विशेष रूप से पोर्टेबल बायोगैस संयंत्र के उपयोग और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका की सराहना की। कार्यात्मक इनक्यूबेटर की समीक्षा करते हुए, उन्होंने स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों को समर्थन देने और निकोबार में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए परिचालन का विस्तार पर भी चर्चा की। उपायुक्त ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति में डेयरी इकाई में चारे और फलदार पौधे लगाए। इससे पहले, उन्होंने बच्चों में पोषण को बढ़ावा देने के लिए स्कूली छात्रों को अंडे वितरित किए।

09/प्रे.नो.

पूजा / सुनीता
कॉलेज प्रवेश

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए दो वर्षीय बी.एड. डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अस्थाई वरीयता सूची 2 सितंबर शाम चार बजे प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियाँ कॉलेज के ई–मेल पर तीन और चार तारीख को ऑफ़लाइन तथा 5 और 6 तारीख को ऑनलाइन मोड पर जमा किए जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची 8 सितम्बर शाम 4 बजे जारी की जाएगी। परामर्श 10 तारीख को और कक्षा 11 सितम्बर से आरंभ होगी। बची हुई सीटों के लिए दूसरे चरण का परामर्श 12 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है।

08 / प्रे.नो.

पूजा / सुनीता
नशामुक्त भारत

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

नशा मुक्त भारत अभियान की पहली राज्य स्तरीय समिति की बैठक कल सचिवालय में समाज कल्याण विभाग के आयुक्त–सह–सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण सचिव, नोडल अधिकारी, राज्य स्तरीय समिति के सदस्य, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, गैर सरकारी संगठनों के अधिकारी, सेवानिवृत्त सिविल सेवक उपस्थित थे। इसके अलावा राज्य स्तरीय समन्वय एजेंसी, तमिलनाडु के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में भाग लिए। बैठक के दौरान, जागरूकता बढ़ाने, पुनर्वास सेवाओं और एनएमबीए के अंतर्गत अंतर–विभागीय समन्वय के लिए विभिन्न प्रमुख बिंदुओं, चुनौतियों और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त–सह–सचिव ने द्वीपसमूह को नशा मुक्त बनाने के लिए विभागों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक हितधारकों के सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

10 / प्रे.नो.

पूजा / सुनीता
लेकगीत दिवस

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

विश्व लोकगीत दिवस मनाए जाने के उपलक्ष्य में आज टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में लोक नृत्यों और लोकगीतों का एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से कॉलेज के सभागार में शाम 5 बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी मुख्य अतिथि होंगी। अंतर महाविद्यालय लोक नृत्य प्रतियोगिता और स्कूलों की विजेता टीमों द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान वार्ता भी आयोजित की जाएगी। इतिहासकार डॉ. रशीदा इकबाल "अंडमान के किस्से" और एनकॉल के संकाय सदस्य डॉ. जोचिबेड विंसेंट, "निकोबार के किस्से" प्रस्तुत करेंगे। आम जनता से इस कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

08 / प्रे.नो.

पूजा/सुनीता
बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत जिला प्रशासन ने आईसीडीएस परियोजना रंगत के सहयोग से कल रेस्ट कैम्प स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, बालिकाओं के सम्मान और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त नंदिनी महाराज, स्थानीय अधिकारी, आईसीडीएस कार्यकर्ता और समुदाय के सदस्यों ने बालिकाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित एक दिवसीय गतिविधियों में भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा के महत्व के बारे में सशक्त संदेश पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़े चिल्ड्रन पार्क को पुनर्विकसित किया गया। कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण अभियान के साथ एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के लिए अपना समर्थन देने का आग्रह किया गया और एक विशेष खाद्य मेला भी लगाया गया।

12/प्रे.नो.

पूजा / सुनीता
मिलाद–उन–नबी

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

द्वीपसमूह में चांद न दिखाई देने के कारण मिलाद–उन–नबी 6 सितम्बर को मनाया जाएगा। इस आशय की जानकारी अंडमान निकोबार हिलाल समिति ने दी है।

02 / प्रे.नो.

पूजा/सुनीता
समीक्षा बैठक

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

वित्तीय समावेशन और प्रमुख सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर दक्षिण अंडमान ज़िले की जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की जून, 2025 की तिमाही समीक्षा बैठक कल आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने की। बैठक में एस बी आई के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष साहू, आरसेती के निदेशक सी. राज, मुख्य प्रबंधक पी. के. उमर फारूक, आरबीआई के विवेक भारती, नाबार्ड के एजीएम ई. प्रताप, एनआरएसई के सहायक अभियंता अनिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बैंकों से नागरिकों के बीच इस योजना को लोकप्रिय बनाने और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा प्रणालियाँ स्थापित करने के लिए ऋण सुविधाओं की संभावना तलाशने का आग्रह किया। श्री संतोष साहू ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक, लघु एवं मध्यम उद्यम और गैर–एसएमई उद्यमों को सौर परियोजनाएँ स्थापित करने में सहायता हेतु "सूर्य शक्ति सौर वित्त" योजना के अंतर्गत दस करोड़ तक के ऋण प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए, उपायुक्त ने बैंकों को सभी पात्र नागरिकों को इन योजनाओं में शामिल करने का निर्देश दिया। प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के संबंध में बताया गया कि बैंकों ने 32.75 प्रतिशत प्रदर्शन हासिल किया है। आरसेती के निदेशक ने प्रशिक्षण पहलों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि "सार्थनी" योजना के अंतर्गत हल्के वाहन चालक प्रशिक्षण का पहला बैच आज से स्वराज द्वीप में शुरू होगा। जिला उपायुक्त ने वार्षिक प्रशिक्षण लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का भी निर्देश दिया।

17/प्रे.नो.

पूजा / सुनीता
बैडमिन्टन

दिनांक : 30.08.2025
समय : 0705

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में डेयरी फार्म स्थित एम्बिशियस बैडमिंटन क्लब ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। उद्घाटन अवसर पर श्रीविजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव अज़हरुद्दीन ज़हीरुद्दीन क़ाज़ी मुख्य अतिथि थे। क्लब की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 7 सितंबर तक छह अलग–अलग श्रेणियों में टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। फाइनल 7 सितंबर को खेला जाएगा।

05 / प्रे.नो.